महत्वपूर्ण एवं खास

ऑनलाईन सर्च कर किया कार का सौदा,युवती से 81 हजार 5 सौ की ठगी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सर्च कर ऑनलाईन कार खरदने के चक्कर में एक युवती 81 हजार 500 रुपये ठगी की शिकार हो गई। मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक बौरीपारा शिकारी रोड निवासी ममता शर्मा ने गाड़ी खरीदने के लिए आनलाइन सर्च किया तो अल्टो कार क्रमांक सीजी 04 केजे 9562 पसंद आई। वेब साईड पर कार बिक्रेता का नंबर दिया हुआ था जिस पर वह संपर्क की तो 60 हजार रुपये में कार का सौदा हुआ और उसने आधी रकम 30 हजार रुपये अग्रिम भेजने के लिए कहा था ताकि कार का सौदा पक्का कर डिलीवरी की जा सके। युवती ने फोन पे से रुपये भेजने का प्रयास किया लेकिन वह पहली बार में लिंक फेल होने के कारण नहीं जा पाया। ठग ने पुनः एक बैंक का खाता नंबर दिया जो जाकिर हुसैन नामक किसी व्यक्ति का था, इसमें अग्रिम रकम भेजने कहा था। युवती उक्त खाते में दो बार में रकम भेज दी थी। इसके बाद कथित एनसीजी पार्सल से किसी ने फोन किया और उसने कार लेकर सूरजपुर पहुंचने की जानकारी देते हुए तत्काल 30 हजार रुपये भेजने कहा। युवती ने फोन पे से रुपये भेज दिए थे। इसके बाद कथित कोरियर ब्वाय ने 45 मिनट के अंदर गाड़ी घर तक पहुंच जाएगी कहते हुए फोन काट दिया। कुछ देर बाद पुनः कोरियर ब्वाय का फोन आया उसने 21 हजार रुपये की पुनः मांग की, जिस पर युवती ने फिर से उसकी झांसे में आ गई व फोन पे से रुपये भेज दिए। काफी देर इंतजार करने के बाद भी कार दरवाजे तक नहीं पहुंची तब महिला ने उक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन काल नहीं गया। जिसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ। अज्ञात आरोपी ने पीड़िता को झांसा देकर 81500 ठग लिया। मामले की शिकायत पर अज्ञात ठग के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

राज्य महिला आयोग में आज से 27 तक रायपुर संभाग के प्रकरणों की सुनवाई

रायपुर (आरएनएस)। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 25 से 27 अगस्त तक रायपुर संभाग के प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। यह सुनवाई राजधानी रायपुर के शास्त्री चौक स्थित आयोग कार्यालय में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इस दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की जाएगी।महिला आयोग की सचिव ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव को ध्यान में रखते हुए सुनवाई के दौरान सभी पक्षकार से सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने कहा गया है। इसके साथ ही उन्हें मुंह और नाक को ढकने के लिए तीन लेयर वाले मास्क या मोटे कपड़े का रूमाल बांध कर आने कहा गया है। सुनवाई के दौरान आयोग द्वारा पक्षकारो के लिए सेनेटाईजर एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

आंखो में काली पट्टी बांधकर आंदोलनकारी शिक्षक संघ की महिलाओ ने रैली निकाली

रायपुर (आरएनएस)। अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलनकारी पंचायत शिक्षक संघ की महिलाओं ने आज आंखो पर काली पट्टी बांध कर राजधानी रायपुर में रैली निकाली। अपनी मांग को लेकर दिवंगत शिक्षकों के परिजनों द्वारा 21 जुलाई से आंदोलनरत है, लेकिन सरकार की तरफ से अब तक उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला। इससे आहत होकर आंदोलनकारी महिलाओं ने आंखों में काली पट्टी बांधकर रैली निकाकर विरोध जताया। दिवंगत पंचायत शिक्षक संघ की अध्यक्ष माधुरी मृगे ने बताया कि आज हमने आंखों पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया। इस आंदोलन के जरिए वे अंधी और बहरी सरकार को जगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कई विभागों में अनुकंपा नियुक्ति हो रही है उसी तरह हमारे साथ भी न्याय करें।

कार और बस की टक्कर में विधायक के के ध्रुव के बेटे सहित तीन की मौत

» हादसे के बाद शोक में डूबा परिवार

» मुख्यमंत्री ने जताया दुख

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के तानाखार पेट्रोल पंप के पास देर रात कार और रायल बस की भिड़ंत में मरवाही विधायक केके ध्रुव के पुत्र बांगों विद्युत विभाग में कार्यरत सहायक अभियंता प्रवीण कुमार ध्रुव, जूनियर इंजीनियर कुशल कुमार कंवर और ठेका श्रमिक शंकर सिंह पोर्ते की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा रात करीब 3 बजे घटित हुई है ,जहा विद्युत विभाग में कार्यरत सहायक अभियंता प्रवीण कुमार ध्रुव अपने सहयोगी अधिकारी जूनियर इंजीनियर कुशल कुमार कंवर तथा ठेका श्रमिक शंकर सिंह पोर्ते बिंझरा से कार से बांगों वापसी के दौरान कटघोरा थाना क्षेत्र के तानाखार के पास पेट्रोल पंप के समीप अंबिकापुर की ओर से आ रही रायल बस से भिड़ंत हो गई।

भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी की तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा एसडीओपी ईश्वर त्रिवेदी, थाना प्रभारी नवीन देवांगन व बांगों पुलिस मौके पर पहुंच कर राहत कार्य शुरू कराया। कार बस में जाकर फंस गई थी इस वजह से तीनों शव को गैस कटर के जरिए निकाला गया। इस दर्दनाक घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मरवाही विधायक के के ध्रुव कटघोरा पहुंच गए हैं और पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा ग्राम पंचायत तानाखार के सड़कपारा पेट्रोल पंप के पास रायल बस और कार का टक्कर हुआ।

मरवाही विधायक के के ध्रुव सुपुत्र की सड़क हादसे में निधन की जानकारी मिलते ही परिवार में शोक की लहर है । इधर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुख जताया है मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि दिवंगत बेटे की आत्मा की शांति एवं परिवारजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

रेलवे स्टेशन में पकड़ाया पांच किलों गांजा, एक अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में आरपीएफ ने एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिट्ठु बैग में रखा 5 किलों गांजा जब्त की है।

मिली जानकारी के मुताबिक 23 अगस्त सोमवार को दोपहर रेलवे पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर सीमेंट सीट पर बैठा एक व्यक्ति जो कटा-फटा जिंस व टी-शर्ट पहना हुआ है गांजा रखा है। जिसके बाद पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर 1 पर घेराबंदी कर युवक को पकड़ उसके कब्जे से एक पिट्ठु बैग में रखा 5 किलों गांजा अनुमानित कीमत 25000 रुपये को जब्त की है। पकड़े गए युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विजय बेरवा 26 वर्ष पिता राम कुंवर बेरवा निवासी ग्राम विचारस थाना सदर टॉक-टॉक राजस्थान बताया है। आरोपी के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध कायम कर हिरासत में लिया है।

नक्सली और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

» डीआरजी और कोबरा बटालियन की कार्यवाही

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है. सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोमपाड़ और कन्हाईगुड़ा गांव के मध्य जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोंटा थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में डीआरजी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के दल को गस्त में रवाना किया गया था. उन्होंने बताया कि दल जब गोमपाड़ और कन्हाईगुड़ा गांव के मध्य जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए, इसके बाद जब सुरक्षा बलों ने मौके की तलाशी ली तो वहां दो नक्सलियों का शव, हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर भारी मात्रा में खून के निशान पाए गए हैं। मुठभेड़ में कई अन्य नक्सलियों के हताहत होने की संभावना है.

किसानों से मक्का खरीदी कर 24 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

कोण्डागांव (आरएनएस। जिले के किसानो से मक्का खरीदी कर 24 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी परवेज खान पिता मिरसाह खान उम्र 35 वर्ष निवसी मरारपारा कोण्डागांव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी परवेज खान पिता मिरसाह खान उम्र 35 वर्ष निवासी मरारपारा कोण्डागांव से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो ग्राम बोलबोला, छोटे बजोड़ा, बड़े बजोड़ा, छोटे भिरावण्ड बड़े भिरावण्ड बफना, भगदेवा, लखनपुरी, सम्बलपुर के ग्रामीणों से मक्का का खरीदी करना बताया व खरीदी के रकम को अपने उपयोग में लाने बताने पर आरोपी के खिलाफ

थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 20 305/2021 धारा 420, 506 भादवि एससीएसटी एक्ट की धारा 03 (2)(क) कायम किया गया विवेचना के दौरान आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनसाय पोयाम पिता मंगलूराम पोयाम निवासी ग्राम बोलबोला के द्वारा एसपी कोंड़ागांव को लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किये थे, लिखित शिकायत आवेदन के जांच के प्रार्थी सोनसाय पोयाम व गवाह मधुराम पोयाम, बुधराम नेताम, राजमन सोरी, राजूराम पोयाम, सोमारू नेताम का घटना के संबंध में बताया कि वे सभी फसल तैयार होने पर मक्का खरीदने के लिए परवेज खान इन्हें 14 रूपये प्रति किलो से खरीदने का आश्वासन देकर सौदा तय होने पर 23 मई 2021 से 16 जून 2021 को परवेज खान ने मक्का को तौलने के लिए ग्राम छोटे भिरावण्ड निवासी सुरेन्द्र सोरी बिरजो राम नेताम, दुर्गेश पोयाम, सनत राम नेताम, सरवन नेताम, रूपेश नेताम व सुनील नेताम से मक्का को तौलाया। तौल पश्चात ग्राम बोलबोला, छोटे बंजोड़ा, बडे बजोड़ा. छोटे भिरावण्ड बड़े भिरावण्ड बफना, भगदेवा लखनपुरी, सम्बलपुर के किसानों से कुल 3031 बोरी (प्रति बोरा 59 किग्रा) जुमला किमती तेईस लाख सत्तासी हजार तीन सौ छियालिस रूपये का खरीदी कर लिया जिसे मक्का के बिक्री के पैसो के लिए बोलने पर एक सप्ताह बाद में फोन लगा कर ग्रामीणों को पैसा लेने की बात बोला लेकिन 15 दिनों के पश्चात् परवेज खान को फोन कर मक्का का पैसा मांगने पर आज-आज कल कहकर किसानों पैसा नही देने दिया।

अपवाहों पर लगा विराम, बघेल ही रहेंगे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

» राहुल गांधी के निवास में चली तीन घंटे की बैठक

» बस्तर समेत छत्तीसगढ़ के विभिन्न संभागों के विकास पर हुई चर्चा -पुनिया

दिल्ली/रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई में लम्बे समय से चल रही गुटबाजी को खत्म करने के प्रयास के तहत पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव के साथ बैठक की। बैठक दिल्ली राहुल गांधी के आवास में 12 तुगलक लेन में सम्पन्न



हुई। तीन घंटे तक चली इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल और पार्टी के छत्तीसगढ़ मामलों के प्रभारी पी एल पुनिया भी मौजूद रहे।

लम्बे समय से छत्तीसगढ़ में चल रहे गुटबाजी पर विराम लगाने के नियत से कई राजनीतिक पंडित इस बैठक को महत्वपूर्ण रूप से देख रहे थे।

बैठक के बाद बंगले से बाहर आए छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया ने मीडिया से अनौपचारिक चर्चा करते हुए कहा कि इस बैठक में ढाई-ढाई साल के कार्यकाल जैसे विषय की कोई चर्चा नहीं हुई। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने भी प्रदेश प्रभारी पुनिया की बातों पर हामी भरी। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी मीडिया से अनौपचारिक चर्चा करते हुए बताया कि बैठक में प्रदेश के बस्तर सहित विभिन्न संभागों के विकास कार्य को लेकर राहुल गांधी की अगुवाई में बैठक आयोजित की गई थी। प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस की सरकार प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों पर जोर देगा।

गुटबाजी पर लगा विराम -पिछले दिनों बघेल गुट और सिंह देव गुट के बीच मतभेद उस वक्त बढ़ गये जब विधायक बृहस्पति सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव पर आरोप लगाया था कि वह उनकी हत्या करवाकर मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। बाद में विधायक ने अपने द्वारा दिए गए बयानों पर कन्नी-काटते-हुए खेद व्यक्त किया। इसके बाद प्रदेश की सत्ता की गलियारों पर सरगर्मी तेज हो गई थी। आज हुई राहुल गांधी के निवास में बैठक के बाद इन सभी अपवाहों पर विराम लग गया और अंततः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही राज्य में मुख्यमंत्री के पद पर बने रहेंगे।

राज्यपाल ने सुपेबेड़ा की महिलाओं की समस्याओं को सुनकर मंत्री को समाधान करने के दिए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा की महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। राज्यपाल ने उनकी समस्याओं को सुना और तत्काल महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया से दूरभाष पर चर्चा की और समूह की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दी। मंत्री श्रीमती भेड़िया ने समूह को अपने निवास स्थान में भेजने का आग्रह करते हुए उनकी समस्याओं को जल्द सुलझाने का भरोसा दिलाया। समूह के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वे रेडी टू ईट बनाने का कार्य लंबे समय से कर रही थी। लेकिन कुछ महीनों से भुगतान प्राप्त नहीं हो रहा है। साथ ही यह काम भी वापस ले लिया गया है। जिससे जीवन यापन की समस्या खड़ी हो गई है। कोरोना काल में उन्होंने राज्यपाल से अपनी समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में श्रीमती यशोदा, श्रीमती गौरी, श्रीमती प्रेमशीला, श्रीमती मालती सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पहाड़ी नाले में आई बाढ़ से एक ही परिवार के चार लोग बहे, महिला की मौत

» मोटरसाइकिल में थे चारो सवार,नाला पुलिया था टूटा हुआ

बलरामपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में बीती रात एक पहाड़ी नाले पर आयी बाढ़ में एक ही परिवार के चार सदस्य बह गए थे।जिनमे एक महिला और 2 मासूम बच्चे शामिल थे..वही रात में ही ग्रामीणों ने एक मासूम बच्ची और उसकी माँ के शव को बरामद कर लिया था जिसके बाद आज सुबह एक और मासूम का शव ग्रामीणों को नाले से बरामद हुआ है जिसके बाद अब पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए तीनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दरअसल बलरामपुर ब्लाक के ग्राम चंदौरा में स्थित सेंगीठोका नाले में बीती रात आयी बाढ़ में मोटसायकल पर सवार एक ही परिवार के चार सदस्य बह गए थे यह हादसा उस दौरान हुआ जब एक ही परिवार के सदस्य जिनमे महिला और 2 बच्चे शामिल थे..नाले को पार कर रहे थे..जिसके बाद मृत महिला के पति की शोर शराबे की आवाज सुनकर नाले के समीप स्थित घरों से ग्रामीण नाले तक पहुँचे थे..और ग्रामीणों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि धीरज सिंहदेव को घटना की जानकारी दी थी।

वही ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद धीरज सिंहदेव मौके पर पहुँचे थे और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को उक्त घटनाक्रम की जानकारी दी थी इसी दौरान ग्रामीण नाले में बाढ़ में बहे लोगो को ढूंढने की कवायद में जुटे हुए थे और ग्रामीणों को सफलता हाथ लगी ग्रामीणों ने रात के तकरीबन 1 से 1.30बजे के बीच महिला और उसकी 2 वर्षीय मासूम का शव बरामद कर लिया था..जिसे रात में मौके पर पहुँची चलगली पुलिस के निर्देशन में गांव के शासकीय भवन में ही सुरक्षित रखवा कर मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई थी।

सरस्वतीपुर से बादा पहुँच मार्ग पर ग्राम चंदौरा में सेंगीठोका नाले में पुल का निर्माण कराया गया थालेकिन गुणवत्ताविहीन होने के चलते पुल 2017 में ही क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके बाद से इस ओर किसी का ध्यान नही गया और कल रात रक्षाबन्धन का पर्व मनाकर वापस लौट रहे परिवार का दुःखद अंत हो गया ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शकुन्ले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सुरक्षा के नाम पर हुल्लापार्टी साबित हो रहा सफेद हाथी

कोरबा (आरएनएस)। कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए कोलकाता से बुलाए गए हुल्ला पार्टी सफेद हाथी साबित हो रहा है। अकेले पसान रेंज में हाथियों ने 23 दिन के भीतर 10 मकानों को तोड़ दिया। साथ ही 23 एकड़ खेत में लगे धान की फसल को नुसकसान पहुंचाया है। स्थाई समाधान के अभाव में ग्रामीण हलकान हैं।

हाथियों के दल को गांव में घुसने से रोकने के लिए हुल्ला पार्टी नाकाम साबित हो रही। पार्टी के आने के बाद अनुमान लगाया जा रहा था मकान की तोड़फोड़ से राहत मिलेगी लेकिन उत्पात बढ़ गया है। हाथियों का दल तीन टुकड़ियों में बंट गया है। दल में शामिल हाथी कभी भी किसी गांव में घुसकर फसल और मकान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वर्तमान में 27 हाथियों का बड़ा झुंड बनिया के निकट जंगल में है। सोमवार की देर रात को इस दल ने दो घरों को तोड दिया। झुंड किस ओर रूख करेंगे इस बात सही समय पर

जानकारी नहीं मिलने नुकसान को रोकना संभव नही। ग्रामीणों की माने तो हुल्ला पार्टी में 11 सदस्य हैं। अलग अलग दल में बंटे हाथियों को नियंत्रित करने के लिए सदस्य पर्याप्त नहीं हैं। हाथी ना केवल फसल और मकान को नुकसान पहुंचा रहे बल्कि घर में रखे रसद सामाग्री को भी चट कर रहे हैं। विभाग की ओर से प्रभावितों को स्कूल अथवा सामुदायिक भवन में ठहराने की औपचारिकता निभाई जा रही है। भोजन की व्यवस्था नहीं किए जाने कारण प्रभावित ग्रामीण रिश्तेदारों के घर शरण लेने पर मजबूर हैं। ग्रामीणों की माने तो रात में ही हाथी एक गांव से निकटवर्ती दूसरे गांव में पहुंच जाते हैं। इससे सूचना देने में देरी होती है और हाथी घर को तोड़ने में कामयाब हो जाते हैं।

हुल्ला पार्टी पर वन विभाग की ओर से प्रतिदिन सात हजार रूपए खर्च की जा रही है। माह भर का खर्च दो लाख दस हजार रूपए पड़ता है। बीते वर्ष भी हुल्ला पार्टी दल को बुलाया गया था। खर्च अधिक होने से ग्रामीणों को उनके हाल पर छोड़ कर चले गए थे। हाथी अभी भी निकट के जंगल में विचरण कर रहे है। लगातार नुकसान से ग्रामीण हलकान होने के साथ दहशत के साए में जीवन बसर करने को मजबूर हैं। पसान रेंज में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा।